Print Coverage of Himachal Pradesh

पैकेट पर लिखे पदार्थों के लेबल को जांचे : गंगोत्रा

शिमला। हिमाचल प्रदेश उपभोक्ता परिषद एवं दिल्ली की कंज्यूमर वाइस संस्था की ओर से बुधवार को बचत भवन में कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष रमेश चंद गंगोत्रा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को खाद्य पदार्थों के पैकेट पर लिखे लेबल की जांच करनी चाहिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस मौके पर कंज्यूमर वाइस की प्रोजेक्ट प्रबंधक नीलंजना बोस, शिवदत्त भारद्वाज, डॉ. उमेश भारती, डॉ. ममता मोक्टा मौजूद रहीं। ब्यूरो

एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

शिमला। खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष रमेश चंद गंगोत्रा ने बचत भवन में हिमाचल प्रदेश उपभोक्ता परिषद व दिल्ली की कंज्यूमर वाईस संस्था द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वैश्विक एवं उपभोक्तावाद युग में खाद्य सुरक्षा का मुद्दा अहम है, ताकि हाइपर टेंशन, मधुमेह, हृदय रोग से बचा जा सके और सात्विक खान-पान पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को पैकेजिंग पर लिखे गए लेबल, जिनमें ट्रांसफैट, सोडियम, कार्बोहाइड्रेट मात्रा का विवरण दिया, जिससे स्वस्थ समाज एवं युवा पीढ़ी का निर्माण सम्भव हो सके। उन्होंने विशेषज्ञों से सीधा संवाद स्थापित किया और स्वास्थ्य संबंधित आइईसी सामग्री के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में इस जानकारी से लोग लाभान्वित हो सके। कंज्यूमर वाईस की प्रोजेक्ट प्रबंधक नीलंजना बोस ने पैकेजिंग लेबलिंग के दूषित पदार्थों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और सीधे संवाद के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। कार्यशाला के उपरांत खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष ने खाद्य सुरक्षा संबंधित पुस्तिका का विमोचन भी किया।

वैश्विक एवं उपभोक्तावाद युग में खाद्य सुरक्षा का मुद्दा अहम

शिमला| हिमाचल प्रदेश उपभोक्ता परिषद व दिल्ली की कंज्यूमर वाइस संस्था द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा पर चर्चा हुई। इसमें खाद्य सुरक्षा आयोग के अध्यक्ष रमेश चंद गंगोत्रा बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने कहा कि वैश्विक एवं उपभोक्तावाद युग में खाद्य सुरक्षा का मुद्दा अहम है, ताकि हाइपर टेंशन, मधुमेह, हृदय रोग से बचा जा सके और सात्विक खान-पान पर बल दिया। उन्होंने विशेषज्ञों से सीधा संवाद स्थापित किया और स्वास्थ्य संबंधित आइईसी सामग्री के महत्व पर प्रकाश डाला, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में इस जानकारी से लोग लाभान्वित हो सके। कंज्यूमर वाईस की प्रोजेक्ट प्रबंधक नीलंजना बोस ने पैकेजिंग लेबलिंग के दूषित पदार्थों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और सीधे संवाद के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।